परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

अणुशाक्तिनगर, मुंबई- 400094

संकलित परीक्षा- 2

शैक्षणिक वर्ष- 2016-17

विषय- हिंदी कक्षा – 3

दिनांक: 10.03.2017

समय-2 घंटा पूर्णांक -50

नाम: .... अनुभाग: .... अनुक्रमांक: ....

केंद्र व विद्यालय: ....

निरीक्षक के हस्ताक्षर: .... परीक्षक के हस्ताक्षर: ....

जांचकर्ता के हस्ताक्षर: .... प्राप्तांक: ....

प्रश्न- 1) (क) घर से संबंधित शब्दों पर घेरा लगाओ । $(\frac{1}{2} \times 2 = 1)$

नदी   सड़क   बरामदा   डाकघर   दालान   पुलिया   तालाब

(ख) नीचे लिखे बाक्यों में (! ,। , ?) निशान लगाओ । $(\frac{1}{2} \times 2 = 1)$

(i) राम और श्याम कहाँ जा रहे हैं

(ii) साँप धीरे - धीरे रेंग रहा था

(ग) सही जोड़े मिलाओ । $(\frac{1}{2} \times 4 = 2)$

(i) प्रशंसा	अवश्य
(ii) ईर्ष्या	बिल्कुल
(iii) कतई	बड़ाई
(iv) ज़रुर	जलन

(घ) <u>रंगाई</u> शब्द <u>रंग</u> से बना है । इसी तरह और शब्द बनाओ । $(\frac{1}{2} \times 2 = 1)$

<u>रंग</u> **<u>रंगाई</u>**

(i) साफ़ --------------------

(ii) बुन ---------------------

(ङ) वाक्य में कोई शब्द फ़ालतू है । उन्हें ढूँढकर अलग करो । $(\frac{1}{2} \times 2 = 1)$

(i) जेबा , बगीचे से दो ताजे नींबू तोड़ लो । ---------------------------

(ii) बेकार की फ़ालतू बात मत करो । -----------------------------

प्रश्न- 2) (क) निम्नलिखित पाठों के कवि और लेखक का नाम लिखो । $(1 \times 2 = 2)$

(i) मिर्च का मज़ा = ______________________________

(ii) कब आऊँ = ______________________________

(ख) **हिन्दी में दिनों के नाम क्रमानुसार खाली जगह में भरो ।** $(1 \times 2 = 2)$

(i) सोमवार

(ii) ------------------------

(iii) बुधवार

(iv) ------------------------

(v) शुक्रवार

(ग) हम इन कामों के लिए कहाँ जाते हैं ? $(1 \times 2 = 2)$

(i) सुराही खरीदने -------------------------------

(ii) बाल कटवाने ----------------------------------

(घ) बोलियों के नाम लिखो । $(1 \times 2 = 2)$

(i) हाथी ----------------------

(ii) शेर ----------------------

(ङ) **नीचे लिखी हुई चीज़ें क्या हैं ?** $(1 \times 2 = 2)$

(i) नर्मदा , कावेरी , सतलुज , गंगा = -------------------------

(ii) मुंबई, दिल्ली , भोपाल , हैदराबाद = -------------------------

(च) किसने किससे कहा ? $(1 \times 2 = 2)$

(i) मैं इसका फ़ैसला करूँगा । चलो कचहरी, मेरे पीछे-पीछे आओ।

(ii) जय हो भगवान की ! अब बच्चा खतरे से बाहर है।

(छ) नीचे दिए गए वाक्यों के शब्दों को सही क्रम में लिखो । $(1 \times 2 = 2)$

(i) वह खाता ही रहा मिर्च की छीमी को सिसियाते ।

(ii) एक काबुलीवाले की कहते हैं लोग कहानी ।

(ज) तुम इन मौकों पर किस पेड़ के पत्ते का इस्तेमाल करते हो ? $(1 \times 2 = 2)$

(i) रंग बनाने के लिए ------------------------------------

(ii) बारिश में भीगते समय छाते की तरह ------------------------------------

(झ) गुठली वाले दो फलों के नाम लिखो । $(1 \times 2 = 2)$

(i) ------------------------------------

(ii) ------------------------------------

(ञ) नारियल के पेड़ की दो उपयोगिता लिखो । $(1 \times 2 = 2)$

प्रश्न- 3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो । $(2\times 5 = 10)$

(क) अवंती ने कपड़ा अलमारी में बंद कर दिया । क्यों ?

(ख) गुरूजी थैली में क्या लिए जा रहे थे ?

(ग) पिंजड़ा बिना बाघ के बंद हो गया । कैसे ?

(घ) नाना मुझे झाड़-फूँक वाले आदमी के पास क्यों ले गए ?

(ङ) बंदर ने बिल्लियों से यह सवाल क्यों पूछा होगा कि उन्होंने रोटी एक टाँग से झपटी थी या दोनों टाँगों से ?

प्रश्न- 4) कविता की पंक्तियाँ पूरी करो । $(2 \times \mathbf{2} = 4)$

(क) (i) -------------- -------------- ने तुरंत जीभ पर अपना ज़ोर दिखाया,

(ii) मुँह सारा जल उठा ---------------- ------------- में जल भर आया।

(ख) (i) पर , काबुल का मर्द ----------------- ------------- से क्यों मुख मोड़े?

(ii) --------------- ------------------ जिस पर उसको क्यों बिना सधाए छोड़े ?

प्रश्न- 5) अपठित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो ।

एक बार एक चिड़िया ने अनाज के एक खेत में अपना घोंसला बनाया । उस घोंसले में उसने अंडे दिए । कुछ दिनों के बाद अंडों में से चूजे निकल आए ।

एक दिन चूजों ने किसान को यह कहते सुना, " इस फ़सल को काटने के लिए मैं पड़ोसियों को बुला लूँगा।" किसान की बात सुनकर चूजे चौकन्ने हो गए और उन्होंने पूरी बात अपनी माँ को बता दी ।

" चिन्ता की कोई बात नहीं है " चूजों की माँ ने कहा ।

कुछ दिन बाद किसान फिर खेत पर आया और उसने कहा, " इस फ़सल को काटने के लिए मैं अपने रिश्तेदारों को बुला लूँगा।" चूजे फिर घबरा गए ।

" डरो मत " चूजों की माँ ने कहा ।

दूसरे दिन ही किसान अपने बेटे के साथ खेत पर आया और कहने लगा, "मैं कल फ़सल काटूँगा ।"

"अब समय आ गया है कि हमें यहाँ से चले जाना चाहिए, क्योंकि जब कोई यह कहता है कि मैं स्वयं इस काम को करूँगा, तो वह अवश्य ही उसे करता है ।" माँ ने चूजों से कहा ।

(क) सही शब्द पर गोला (O) खींचो । $(\frac{1}{2} \times 2 = 1)$

(1) चिड़िया ने अपना घोंसला कहाँ बनाया ?

(i) खेत में (ii) घर में (iii) बाज़ार में (iv) पेड़ पर

(2) चिड़िया के बच्चे को क्या कहते हैं ?

(i) शावक (ii) बछड़ा (iii) चूजा

(ख) गद्यांश से खाली स्थान भरो । $(\frac{1}{2} \times 2 = 1)$

(i) किसान की बात सुनकर चूज़े --------------------- हो गए ।

(ii) दूसरे दिन ही ------------------------- अपने बेटे के साथ खेत पर आया ।

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो । $(1\times \mathbf{3} = \mathbf{3})$

(i) चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए ?

(ii) सबसे पहले किसान ने फ़सल काटने के लिए किसे बुलाने की बात कही ?

(iii) इस कहानी से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है ?

प्रश्न- 6) साँप के विषय में पाँच वाक्य लिखो । $(1\times \mathbf{5} = \mathbf{5})$

*****